प्रिय विद्यार्थियों,

गार्डन ऑफ़ हार्ट्स ग्रीन कनेक्ट की नई पहल के अंतर्गत आपको एक सुंदर और करुणा से भरी एक्टिविटी में भाग लेना है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य आपके अंदर प्रेम, दया और करुणा का भाव जगाना है, साथ ही पर्यावरण के प्रति आपकी जिम्मेदारी को बढ़ाना है।

प्रोजेक्ट के मुख्य बिंदु:

पक्षियों के लिए घर में घोंसला बनाएं:

घर में उपलब्ध साधारण सामग्री (जैसे- पुराना डिब्बा, लकड़ी, घास, कपड़ा आदि) से एक घोंसला बनाएं।

पक्षियों के लिए पानी रखें:

घर की छत, बालकनी या बगीचे में एक कटोरी या पात्र में रोज़ाना ताजा पानी रखें।

फोटो खींचें:

घोंसला बनाते हुए और पक्षियों के लिए पानी रखते हुए अपनी फोटो लें।

इन फोटोज़ को A4 साइज के पेपर पर चिपकाएं।

अनुभव लिखें:

एक महीने तक इस कार्य को नियमित रूप से करें।

अपने अनुभव और अंदर आए बदलाव (जैसे- करुणा, प्रेम, जिम्मेदारी) को 4-5 पंक्तियों में लिखें।

जमा करने की अंतिम तिथि: 25 जून 2025

उद्देश्य:

बच्चों में प्रकृति, पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना।

बच्चों के मन में दया, प्रेम और करुणा का भाव उत्पन्न करना।

नोट: सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है कि इस प्रोजेक्ट को गंभीरता से लें और अपनी रचनात्मकता का परिचय दें।

(6th to 8th)

समर वेकेशन में "गार्डन ऑफ़ हार्ट्स ग्रीन कनेक्ट" के तहत एक नई एक्टिविटी अनिवार्य है:

- अपने घर या खेत में एक पेड़ लगाएं और उसकी देखभाल करें। पेड़ लगाते समय स्कूल की ड्रेस पहनकर फोटो खिंचवाएं।
- फोटो A4 साइज के पेज पर चिपकाएं।
- समर वेकेशन खत्म होने पर यह पेज अपनी क्लास टीचर को जमा करें।

यह एक्टिविटी पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। समय पर जमा करना सुनिश्चित करें।

"जो विद्यार्थी चयनित प्रोजेक्ट को अच्छे से करके आएँगे उन्हें स्कूल की ओर से सम्मानित किया जाएगा"

"गार्डन ऑफ़ हार्ट्स ग्रीन कनेक्ट हर क्षेत्र में पहला कदम, हर दिल में हरियाली का सपना!"

<u>अभिभावकों का सुझाव सर्वेपरि रहेगा विद्यालय के लिए-</u>

Garden of Hearts Higher Secondary School
चरित्र-निर्माण